सार-समाचार

विधायक ने आईजी से की मुलाकात

उदयपुर, (कासं)। शहर विधायक ताराचंद जैन ने सोमवार को उदयपुर रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव से मुलाकात की और अपराधों को लेकर और पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। शहर विधायक ताराचंद जैन सोमवार दोपहर को उदयपुर रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव से औपचारिक मुलाकात करने उनके ऑफिस गए और वहां पर उन्होंने आईजी श्रीवास्तव से उदयपुर में अपराधों को लेकर चर्चा की, जिसमें विधायक जैन ने कहां की उदयपुर पर्यटन नगरी है यहां पर देश-विदेश से प्रति माह हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं, ऐसे में उनके साथ किसी भी तरह की कोई भी आपराधिक घटना से उदयपुर की काफी बदनामी होती है और उदयपुर के पर्यटन व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। शहर विधायक ताराचंद जैन ने आईजी गौरव श्रीवास्तव को कहा कि पर्यटकों को परेशान करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त सख्त कार्रवाई की जाए ताकि उदयपुर शहर घूमने आने वाला देसी और विदेशी पर्यटक अपने आप को सुरक्षित समझे। साथ ही जिले में गस्त व्यवस्था बढ़ाने नाकाबंदी पॉइंट बढ़ाने और समय-समय पर वाहनों की चेकिंग कर अपराधों पर नियंत्रण करने को लेकर चर्चा की। इस दौरान आईजी गौरव श्रीवास्तव ने शहर विधायक ताराचंद जैन को भरोसा दिलवाया कि उदयपुर में आने वाले पर्यटकों को पूर्ण सुरक्षा की जाएगी और उन्हें परेशान करने वालों तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाही की जाएगी।

आंगनवाड़ी बहन सम्मान दिवस समारोह आज

उदयपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर रक्षाबंधन के अवसर पर प्रारंभ किए गए बहनों का सुरक्षा सम्मान पर्व अभियान के तहत मंगलवार को प्रदेश भर में आंगनवाड़ी बहन सम्मान दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें आंगनवाड़ी कार्मिकों को 501 रूपए, मिठाई व छाता उपहार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री श्री शर्मा चयनित कार्मिकों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे।महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नंदलाल मेघवाल ने बताया कि उदयपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम स्थित सुखाड़िया रंगमंच सभागार में सुबह 11 बजे स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित होगा। इसमें जिले भर से 600 आंगनवाड़ी कार्मिक भाग लेंगी। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री महोदय डीबीटी के माध्यम से प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के खातों में 501 रूपए डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करेंगे। इसमें उदयपुर जिले की 2368 कार्मिकों को लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री आंगनवाड़ी बहनों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

डॉ. कुमावत ने संभाला अतिरिक्त कार्यभार

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,उदयपुर के कुलसचिव पद पर डॉ. बंशीधर कुमावत ने आज सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। डॉ. कुमावत वर्तमान में हरिशचंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान,उदयपुर के अतिरिक्त निदेशक के साथ साथ,महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,उदयपुर के कुलसचिव का अतिरिक्त कार्य संपादित करेंगे। विश्वविद्यालय में कार्यभार गृहण करने के अवसर पर कुलपति सचिवालय में डॉ. बंशीधर कुमावत का स्वागत किया गया। इस अवसर पर माननीय कुलगुरू डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने उनका स्वागत किया एवं उनकी कार्यप्रणाली की प्रशंसा की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की वित्त नियंत्रक दर्शना गुप्ता,परीक्षा नियंत्रक डॉ. रामहरी मीणा,सहायक कुलसचिव डॉ. सुनिल खण्डेलवाल,विश्वविद्यालय शैक्षेणत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष - श्री रजनीकांत शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने डॉ. कुमावत का स्वागत किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. कुमावत ने प्रशासनिक कार्यालय के सभी कर्मचारियों से विश्वविद्यालय हित में निष्ठापूर्वक कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

राजस्थान सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग आज से

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान में पहली बार झीलों की नगरी उदयपुर में सोशल मीडिया की दुनिया मे मिलियन्स फॉलोवर्स के साथ सेलिब्रिटी के रूप में स्थापित हो चुके इंफ्लुएंसर का राजस्थान सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग आयोजित होने जा रहा है। वी वागड़ एसोसिएशन उदयपुर की ओर से आयोजित हो रहे इस पहले सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के सभी मैचेस अर्बन स्क्वेयर के पास स्थित फुकेट स्पोर्ट्स अकादमी में होंगे। सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग का आगाज जिला कलेक्टर नमित मेहता के द्वारा किया जाएगा। आरसीसीएल के आयोजक सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर पीजे एन्ड दिव्या और रोशनी बारोट सहित टीम कैप्टन ने टूर्नामेंट को लेकर टी -शर्ट लॉन्च का शानदार आयोजन शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित यारी तू शोरूम में आयोजित किया। टूर्नामेंट की जानकारी देते हुए पंकज जोशी (पीजे) ने बताया कि 2 दिन का टूर्नामेंट 5 और 6 अगस्त को फुकेट स्पोर्ट्स अकादमी में होगा। दोपहर 12 बजे से लेकर रात के 12 तक मैचेस होंगे। 6 टीमें बनाई गई है,, जिसमें 66 खिलाड़ी पूरे राजस्थान के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर हिस्सा ले रहे हैं। सोशल मीडिया सेलिब्रिटी दिव्या जोशी ने बताया कि इस सेलिब्रिटी क्रिकेट टूर्नामेंट की खासियत है, की हर टीम में चार फीमेल खिलाड़ी रहेगी और हर टीम में कैप्टन भी फीमेल है। 8 ओवर के मैचेस होंगे, शुरू के 2 ओवर में गर्ल्स खेलेगी ओर गर्ल्स ही उस वक्त बोलिंग करेगी। लड़कियों के लिए स्टंपिंग आउट नही होगा। बाकी 3 से 8 तक के ओवर बॉयज के लिए होंगे।टूर्नामेंट से जुड़ी उदयपुर की सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर रोशनी बारोट ने बताया कि टी- शर्ट लॉन्चिंग के दौरान सभी 6 टीम की कप्तान ओर खिलाड़ी मौजूद रहे। रोशनी ने बताया कि 2 दिन के लीग का लाइव प्रसारण भी रहेगा। टी- शर्ट लॉन्च से पूर्व टूर्नामेंट की ट्रॉफी का अतिशी अनावरण बड़ी रोड स्थित एलरो रिसोर्ट में हुआ।

प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

उदयपुर, (कासं)। पंजाबी खत्री समाज, उदयपुर के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह रामा बाग, न्यू भुपालपुरा में आयोजित हुआ जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बच्चों को सम्मानित किया गया। समाज के राजेंद्र खत्री ने बताया कि सम्मान कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के बच्चों का चयन किया गया जो अपनी-अपनी कक्षा में सबसे ज्यादा अंक लेकर आए। इस मौके पर बडी संख्या में समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सकल दिगम्बर जैन समाज उदयपुर के अध्यक्ष शांति लाल जैन थे। उन्होंने समाजजनों से आ ान किया कि हर व्यक्ति को समाज के मंदिर से आवश्यक रुप से जुडना चाहिए और बडों की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वे बच्चों को मंदिर और संस्कृति से जोडे। उन्होंने कहा कि आजकल के बच्चे सोशियल मीडिया से ज्यादा जुडे रहते हैं और उनके भविष्य है लिए भी एक खतरा बनता जा रहा है। हर परिवार को बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए, तभी हम एक सशक्त व संस्कार युक्त समाज दे पाएंगे। समाज के नीरज कपूर के सानिध्य में बच्चों को पुरस्कार दिए गए। समारोह में बीस बच्चों को पुरस्कृत किया।

स्नेह मिलन व सावन उत्सव संपन्न

उदयपुर, (कासं)। प्रवासी क्षत्रिय कुमावत समाज समिति की ओर से स्नेह मिलन समारोह एवं सावन उत्सव का आयोजन बड़ी झील किनारे स्थित वन विभाग के इको पार्क में किया गया।समिति के संरक्षक गुलाबचंद कुमावत की अध्यक्षता एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार एवं ऑफिसर ट्रेनिंग केंद्र के अतिरिक्त निदेशक बंशीधर कुमावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के मध्य नजर पौधारोपण करने का निणन्य किया गया त प्रवासी समिति सदस्य की एक परिचय पुस्तिका तैयार करने, जिसमें प्रत्येक परिवार की विस्तृत जानकारी संलग्न कर प्रकाशित करने का भी निणन्य लिया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरीश वर्मा, सचिव मोहनलाल कुमावत, कोषाध्यक्ष शिवबक्श राम कुमावत, गिरधारी लाल कुमावत, रामनिवास कुमावत आदि पदाधिकारी ने समाज उत्थान को लेकर विचार व्यक्त किए।

लहरिया सावन उत्सव सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। महर्षि दधीचि सेवा संस्थान की महिला प्रकोष्ठ कार्यकारिणी उदयपुर की महिलाओं ने रविवार को लहरिया सावन उत्सव मनाया। सांस्कृति मंत्री नीतू आचार्य ने बताया सभी महिलाओ ने सुंदर लहरिया पहन कर रैंप वॉक करा और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई सावन में झूले का आनंद लिया महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ नीतू व्यास ,मंजू आचार्य ,प्रीति व्यास श्वेता मिश्रा, नलिनी भट्ट, हेमलता आचार्य, उर्मिला शर्मा, स्वाती आचार्य, शिप्रा मिश्रा एवं समस्त महिला कार्यकारिणी के सदस्या मौजूद थी।

'शिकायतों का निस्तारण कर परिवादी को राहत पहुंचाएं'

राजसमंद, (निसं)। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों को लेकर पूरी तरह सख्त नजर आ रहे हैं। हसीजा ने सोमवार सुबह समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक लेकर संपर्क पोर्टल, एसआईआर सहित विविध विषयों पर समीक्षा की। इस वीसी में एडीएम नरेश बुनकर, एसडीएम बृजेश गुप्ता, आयुक्त बृजेश राय, एसीईओ डॉ सुमन अजमेरा, एसई एवीवीएनएल बी एस शर्मा सहित अन्य

■ **शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हर हाल में हो, राहत में विलंब अस्वीकार्य : कलक्टर**

जिला स्तरीय अधिकारी वीसी कक्ष में मौजूद रहे। वहीं समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नगर पालिकाओं के ईओ, बीडीओ, क्षेत्रीय वन अधिकारी आदि अपने अपने उपखंड से वीसी के माध्यम से कनेक्ट हुए। संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण कर परिवादी को राहत पहुंचाए, कोई भी शिकायत अनावश्यक लंबित न रहे। उन्होंने सहायक निदेशक लोक सेवाएं को निर्देश दिए कि 30 दिन से अधिक शिकायत लंबित रखने वाले विभागों की सूची रोज सुबह शेयर करें ताकि उन्हें ऐसा न करने के लिए पाबंद किया जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, शिकायतों का निस्तारण संतुष्टि प्रतिशत आदि को लेकर भी विभागवार समीक्षा की।

विभागों से कहा कि आपसी समन्वय से शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करें और हर सप्ताह अपने अधीनस्थ कार्मिकों के साथ विभाग के प्रकरणों की समीक्षा कर निस्तारण करें। भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर भी समीक्षा की। कलक्टर ने स्कूल मतदाता साक्षरता क्लब बनाने, शाला दर्पण पर ईएलसी प्रभारियों की जानकारी अद्यतन करने, नए मतदान बूथों के प्रस्ताव जल्द से जल्द भिजवाने के निर्देश दिए। देवगढ नगर पालिका में वार्ड क्रमांक 9 के चुनाव को लेकर देवगढ तहसीलदार को सजग रहने एवं निर्विघ्न चुनाव सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। कलक्टर ने जर्जर भवनों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा चाही गई सूचना नहीं भिजवाने वाले अधिकारियों से कहा कि इस काम में कोई लापरवाही नहीं हो, जर्जर भवनों की सूचना जल्द से जल्द भिजवाए।

जिला कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक ली।

ज्ञापन दिया

राजसमंद, (निसं)। राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के रविवार को जिला मुख्यालय आगमन पर जैन सोश्यल ग्रुप अणुव्रत, द टैक्स बार एशोसिएशन राजस्थान व राजस्थान जीएसटी प्रेक्टिशनर्स एशोसिएशन की ओर से सर्किट हाउस में स्वागत अभिनन्दन किया गया। सीनीयर टैक्स एडवोकेट भगवतीलाल जैन के साथ प्रतिनिधी मंडल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जनहित में नगर परिपद क्षेत्र में विद्युत या गैस से संचालित शवदाह गृह की स्थापना कराने की मांग करते हुए एक ज्ञापन दिया। 2021 में जनहित में यह मांग तत्कालीन लोकसभा सांसद एवं वर्तमान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के समक्ष रखी थी। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के लिए इस मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रतिनिधी मंडल में अणुव्रत समिति अध्यक्ष एडवोकेट भरत कुमार दक, अणुव्रत समिति सचिव हिम्मतसिंह बाबेल, सागर चण्डाल्या, दिलीप बापना, राजेश लोढा धोईन्दा, पर्यावरणविद डॉ लक्ष्मीनारायण आमेटा आदि मौजूद थे।

सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के पोस्टर का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली हॉस्पिटल,राजस्थान परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग तथा आधार फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 5 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के पोस्टर का आज कार्यालय, उदयपुर में शुभारंभ किया गया।

पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम में प्रादेशिक परिवहन अधिकारी श्री ज्ञानदेव विश्वकर्मा, जिला परिवहन अधिकारी श्री नितिन बोहरा, आधार फाउंडेशन ट्रस्ट के सीईओ श्री नारायण चौधरी, निदेशक प्रीतीपामेचा एवं गीतांजली हॉस्पिटल के डीजीएम (सेल्स एंड मार्केटिंग) श्री कल्पेश चन्द रजबार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और आमजन से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।यह विशेष कार्यक्रम आगामी 5 अगस्त 2025 (मंगलवार) को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक स्व. नर्मदा देवी अठावाल ऑडिटोरियम, गीतांजली हॉस्पिटल, उदयपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत हेलमेट डे मनाया जाएगा और सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता करने वाले नागरिकों को गुड समेरिटन अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।गीतांजली हॉस्पिटल इस कार्यक्रम में हॉस्पिटल पार्टनर के रूप में जुड़कर सामाजिक दायित्वों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है।

सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के पोस्टर का शुभारंभ हुआ।

पेसिफिक होटल मैनेजमेंट कॉलेज में नया सत्र शुरू

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के पेसिफिक होटल मैनेजमेंट कॉलेज में नए शैक्षिणक सत्र का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। यहां नये विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर और गुड खिलाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक विनोद कुमार सिंह भदौरिया द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गयी। यहां सीनियर्स ने जूनियर्स का स्वागत गीत के साथ किया।

निदेशक विनोद भदौरिया ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें होटल मैनेजमेंट उद्योग की महत्ता, समय प्रबंधन, अनुशासन और व्यावसायिक कौशल के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों और चुनौतियों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में पेसिफिक विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट प्रो. हेमंत कोठारी ने भी छात्रों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में होटल प्रबंधन के क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है और इसमें करियर की अपार संभावनाएँ हैं।

पेसिफिक होटल मैनेजमेंट कॉलेज में नया सत्र शुरू हुआ।

दो आरोपी गिरफ्तार

कपासन, (निसं)। सूफी संत हजरत दीवाना शाह के उर्स में चाकूबाजी की वारदात करने वाले दो आरोपियों को कपासन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि गत एक अगस्त को रात्रि के समय कपासन निवासी मोहम्मद साहिल उर्फ सलाम अंसारी व तोकीर दोनों उर्स मेले में कपासन दरगाह के मेला ग्राउण्ड में घूम रहे थे। कि कपासन निवासी तीन युवक समीर सोहिल सरीफ पुत्र युनुस निवासी कपासन उनके सामने आये थें।

कावड़ के जल से किया श्रीरामेश्वर महादेव का जलाभिषेक

राजसमंद, (निसं)। श्री नर्बदेश्वर महादेव मंदिर समिति राजनगर की ओर से सावन के अंतिम सोमवार पर 2 हजार 100 महिलाओं की कावड यात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरी तो पूरा राजनगर जयकारों और भजनों से भोले की भक्ति में डूब गया। समिति के

■ **राजनगर श्री नर्बदेश्वर महादेव मंदिर समिति की 2 हजार 100 महिला भक्तों ने निकाली कावड़**

कैलाश निष्कलंक ने बताया कि कावडयात्रा को लेकर फव्वारा चौक स्थित श्री नर्बदेश्वर मंदिर में सभी 2 हजार 100 कावड में जल भरा गया। इसके बाद पुजारी अजीत उपाध्याय के सानिध्य में श्री नर्बदेश्वर महादेव और कावड की विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद महिलाओं ने कावड धारण किए और हर-हर महादेव, बोल बम, जय जय महादेव आदि भोले बाबा के जयकारों के साथ कावड यात्रा रवाना हुई। कावड यात्रा में शामिल महिलाओं और युवतियां के साथ ही श्रद्धालु पूरे मार्ग में मेरा भोला है भंडारी करे नंदी की सवारी..., हे शंभू बाबा मेरे भोलेनाथ तीनो लोक में तू ही तू..., ऐसा डमरू बजाया भोलेनाथ ने..., भोलेनाथ की शादी हम तो नाचेंगे... जैसे भजनों पर भक्ति भाव से भक्ति नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में तीन डीजे के साथ ही ढोल नगाडों का वादन भी किया जा रहा था। इसके साथ ही भारत माता, महारानी श्री लक्ष्मी बाई, प्रभु श्री राम का दरबार और शिव परिवार के साथ आकर्षक झांकियां कावडयात्रा की शोभा बढा रही थी। कावड यात्रा फव्वारा चौक से रवाना होकर राजनगर मुख्य बाजार, दाणी चबूतरा, माहेश्वरी समाज भवन, नायकवाडी, 100 फीट रोड, बजरंग चौराहा एवं फोरलेन हाईवे से होकर प्रभु श्री रामेश्वर महादेव के मंदिर तक पहुंची। मंदिर में सभी महिला कावडियों ने महादेव के दर्शन करने के बाद बारी-बारी से कावड में ले गए जल से भोले बाबा का जलाभिषेक किया। इसके बाद सभी को महाप्रसादी का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष दिनेश पालीवाल, सुरेश पालीवाल, पार्षद उत्तम खींची, आशीष पालीवाल, गुलाबी भोई, मुकेश माली, दिनेश माली, पूर्व पार्षद देविका निष्कलंक आदि मौजूद थे।

राजनगर से रामेश्वर मंदिर तक महिलाओं ने निकाली कावड यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु।

सार-समाचार

तरीकबंद फुकरा हज़रात को दी विदाई

कपासन, (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की भूमीगत मज़ार के दर्शन हेतु लगी बुलन्द दरवाजा तक कतारे, धूणा के तरीकबंद फुकरा हज़रात को दी विदाई। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी के अनुसार भूमीगत मज़ार के दर्शन हेतु बुलन्द दरवाजा तक लम्बी-लम्बी कतारे लगी। आस्ताना ए आलिया मे बाबे नेअमत से प्रवेश दिया और दंर्शन के बाद बाबे सलाम से बाहर निकलने कि व्यवस्था की गई। सभी जायरीन के दर्शन के बाद पट बंद कर दिये। आम जायरीन के दर्शन हेतु एक साल बाद पट खोले जायेगें। दरगाह वक्फ कमेटी के सदर अनवर अहमद छीपा के अनुसार बाद नमाज़े जौहर के धूणा तरीकतबंद फुकरा हज़रात के रफाईया, मदारिया, जलालिया, सिलसिले के खलीफा, नकीब, भण्डारी, कोतवाल, सिपाही, चाउस, मिस्कीन, ओहदेदारो सहित तकरीबत 70 हज़रात को वक्फ कमेटी सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी, मेहबूब शाह ने बाबा हुजूर की चादर पेशकर विदाई की रस्म अदा की। राजस्थान प्रदेश कॉठोस कमेटी के सचिव रणजीत लोठ, जिला कांग्रेस सचिव नरेन्द्र विजयवर्गीय, नगर कॉठोस चित्तौड़गढ़ के सचिव मनिष चावला एवं एडवोकेट राकेश धारू ने भूमिगत मज़ार के दर्शन किए।

प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे

मंडफिया, (निसं)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय मंडफिया जिला चित्तौड़गढ़ में सत्र 2025 - 26 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय मंडफिया की प्राचार्य उषा किरण ने बताया कि पहले आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 थी जिसको बढ़ाकर 13 अगस्त 2025 तक कर दी गई है साथ ही जैसा कि पूर्व में बताया गया की जो विद्यार्थी सत्र 2025 - 26 में चित्तौड़गढ़ जिले के किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में अध्यनरत है तथा जिनकी जन्म तिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 दोनों तिथि के बीच शामिल है वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए नवोदय विद्यालय की वेबसाइट ...एवं://.../पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य उषा किरण ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय एक सह शैक्षिणक आवासीय विद्यालय है जिसमें बालक एवं बालिका दोनों छात्रावास में रहकर अध्ययन करते हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा 6 में 80 विद्यार्थी के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 तक चित्तौड़गढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी साथ ही उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए एक तिहाई सीटें छात्रों के लिए आरक्षित है। ठामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए 75 प्रतिशत सीटें आरक्षित एवं अन्य एससी, एसटी, ओबीसी और दिव्यांग आरक्षण सरकार के नियमानुसार लागू है। अन्य पिछड़ा वर्ग के जिन अभ्यर्थियों को केंद्रीय सरकार सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है वे सामान्य अभ्यर्थी के रूप में आवेदन कर सकते हैं।

केमिकल से भरा टेंकर पलटने से लगी आग, चालक जिंदा जला

उदयपुर, (निसं)। शहर के बडगांव थाना क्षेत्र घसियार रोड़ पर अनियंत्रित टेंकर पलट गया, जिससे धमाका होने के बाद आग लग गई। हादसे में चालक की जिंदा जलने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार तड़के जिले के बड़गांव थाना क्षेत्र घसियार के समीप केमिकल से भरा अनियंत्रित टेंकर पलट गया। जिससे धमाका होने के बाद उसमें आग लग गई तथा चालक की मौके पर जिंदा जलने से मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू किया जब तक चालक की मौत हो चुकी थी, जिसे एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवा उसकी शिनाख्त देवराज नगर बरार भीम राजसमन्द निवासी धर्मसिंह पुत्र जवानसिंह रावत के रूप में शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। इस पर हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2025/9641 दिनांक : 24.07.2025

- : आपत्ति सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री धर्मेन्द्र प्रजापत पिता श्री नानालाल एवं श्रीमती मधु प्रजापत पत्नी श्री धर्मेन्द्र प्रजापत, कुम्हारवाड़ा, नाथद्वारा	भूखण्ड क्षेत्रफल-1110 वर्गफीट, कुम्हारवाड़ा, नाथद्वारा	मकान श्री रमेशचन्द्र	मकान श्री पन्नालाल जी	रास्ता	गली व प्रजापति समाज हवेली

आयुक्त, नगपालिका नाथद्वारा

कार्यालय ग्राम पंचायत विसमा

पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक : दिनांक : 03.08.2025

ई-निविदा सूचना-01/2024-25

इस ग्राम पंचायत मेंDMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्यों की ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण / जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्रमांक	कार्य का नाम	UBN No.
1.	राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विसमा (दो कमरे निर्माण कार्य)	ZUD2526WSOB01563

प्रशासक, ग्राम पंचायत विसमा, पं.स. सायरा, जिला उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत विसमा, पं.स. सायरा, जिला उदयपुर (राज.)

कार्यालय ग्राम पंचायत घाटी

पंचायत समिति, राजसमंद

क्रमांक : ग्रा.पं.घा./2025-26/36 दिनांक : 01-08-2025

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत की समस्त योजनाओं में वर्ष 2025-26 हेतु सामग्री सप्लाई हेतु ई-निविदा क्रमांक 36/01-08-2025 के अनुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना का विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवंwww.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB Code : ZRR2526A0274

UBN : ZRR2526WSOB00445

प्रशासक, ग्राम पंचायत घाटी

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत घाटी